आज का सुविचार
आत्मसंतुष्टि ही जीवन की सच्ची समृद्धि है; इसे पाने का प्रयास हमे करना चाहिए।

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है..
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 66 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 9 मई 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# BNS-225, किसी व्यक्ति को सरकारी अधिकारी के पास आवेदन देने से रोकना भी अपराध होता है जानिए

भारत के किसी भी नागरिक पर अगर कोई अत्याचार हो रहा है तो वह आपनी सुरक्षा के लिए प्रशासन के समक्ष या न्यायालय में आवेदन कर सकते है क्योंकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में भारत के प्रत्येक नागरिको को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार दिया गया है। अगर कोई व्यक्ति किसी नागरिक को किसी अधिकारी के समक्ष कोई शिकायत का आवेदन करने या सुरक्षा के लिए आवेदन करने से रोकता है या धमकी देता है तब ऐसे व्यक्ति के खिलाफ़ कहा शिकायत की जा सकती है जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**न्याय संहिता, 2023 की धारा 225 की परिभाषा**- जो कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को लोक सेवक के समक्ष सुरक्षा या संरक्षण या सहायता लेने से रोकता है या आवेदन करने से रोकता है या ऐसा करने के लिए धमकी देता है कि वह लोक सेवक के समक्ष आवेदन नहीं करेगा तब ऐसा व्यक्ति BNS की धारा 225 के अंतर्गत दोषी होगा।

**उदहारण अनुसार**- कोई दबंग व्यक्ति किसी गरीब की जमीन पर कब्जा कर लेता है और उस गरीब व्यक्ति को धमकी देता है कि अगर तुम सहायता के लिए किसी सरकारी अधिकारी के पास गए तो मैं तुम्हें क्षति कर दूँगा, तब दबंग व्यक्ति इस धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

Bharatiya Nyaya Sanhita Section wwz Provision of punishment

यह अपराध,असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध के खिलाफ डारेक्ट एफआईआर दर्ज नहीं होगी लेकिन पुलिस थाने से एनसीआर लिखी जा सकती है एवं इस अपराध के लिए कोई भी न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) दर्ज होगा।

इस अपराध की सुनवाई भी किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।


**सजा** - इस अपराध के लिए एक वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## चंडीगढ़ में हवाई हमले की वॉर्निंग

# सायरन गूंजे-रक्षा मंत्री सेना प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे, LoC पर भारत ने 50 पाकिस्तानी ड्रोन गिराए

**नई दिल्ली/जम्मू/श्रीनगर।** चंडीगढ़ में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। वॉर्निंग एयरफोर्स स्टेशन से जारी की गई। शहर में सायरन की आवाजें गूंज रही हैं। चंडीगढ़ प्रशासन ने लोगों से घर में रहने की अपील की है। लोगों से घरों की खिड़कियों से भी दूर रहने को कहा गया है। इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एपी सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान के साथ बैठक करेंगे।

पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में 11 जगहों पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। पाकिस्तानी सुसाइड ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया। इसके बाद भारत ने अपने डिफेंस सिस्टम S-400 से इन हमलों



मैप प्रतीकात्मक है | सोर्स : survey of india

को नाकाम कर दिया। भारत ने स्पष्ट और इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाकिस्तान के 50 से ज्यादा ड्रोन गिराए हैं। पठानकोट में पाकिस्तानी फाइटर जेट मार गिराने की भी खबर है। हालांकि, सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। जम्मू और सुनील मौर्य श्रीनगर में हैं। वे ग्राउंड जीरो से हर जानकारी अपडेट कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के अगले दिन यानी 7 मई की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी। भारत ने रूस से मिले S-400 डिफेंस सिस्टम के जरिए इस हमले को नाकाम कर दिया।

जवाबी कार्रवाई में भारत ने 8 मई सुबह पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। इसके लिए इजराइल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार दोपहर 2.30 बजे बताया कि पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के शहरों को भी निशाना बनाया। इस दौरान अवंतिपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज में ड्रोन्स और मिसाइलें दागी गई थीं। इन्हें भी नाकाम कर दिया गया।

# सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री मकरोनिया में 1119 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए वर्चुअली शामिल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया (मकरोनिया) में सम्पन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।



# ऐसे अपराध जिनकी एफआईआर पुलिस अधिकारी को लिखना ही होगा, जानिए/legal advice....

भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 199 की उपधारा 03 के अनुसार अगर कोई पुलिस अधिकारी

**निम्न अपराध-**

1. ऐसिड द्वारा चोट करने की, ऐसिड फेंकने की, ऐसिड फेंकने के प्रयास मात्र की,
2. महिला के पीछा करने के अपराध की, महिला के जबरदस्ती वस्त्र उतारने वाले की, महिला के खिलाफ बल प्रयोग करने की, महिला को शब्दों द्वारा बुरा-भला कहने वाले अपराध की,
3. व्यक्ति का व्यापार करने वाले अपराध की, व्यापरियों द्वारा बालकों का शोषण करने वालो की,
4. महिला से बलात्कार करने वाले किसी भी प्रकार के अपराध की (चाहे वह सामुहिक क्यूँ न हो),
5. या पुन: अपराध करने वाले किसी भी अपराधी की,

कोई भी पुलिस अधिकारी तुरंत एफआईआर दर्ज नहीं करता है तब उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 199(3) के अंतर्गत कार्यवाही होगी।

**कुछ महत्वपूर्ण जानकारी**- वर्ष 2013 के संशोधन का कारण यह था कि वर्तमान में महिलाओं के प्रति अपराधों में अत्याधिक वृद्धि हो रही है। अत: इस संबंध में शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा एफआईआर रजिस्टर किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर एफआईआर सच साबित होती है तो आरोपी की गिरफ्तारी तुरंत किये जाने का प्रावधान है अगर एफआईआर झूठी सबित होती है तो पुलिस अधिकारी प्रथम अन्वेषण के बाद इस पर कार्यवाही कर सकते है।

**Bharatiya Nyaya Sanhita Section 199(3) Provision of punishment**


यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध के खिलाफ डारेक्ट एफआईआर दर्ज होगी, या पीड़ित व्यक्ति प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) भी दर्ज करवा सकता है। इस अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।

**सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

● लेखक बीआर अहिरवार( पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद

# भारत ने ऑपरेशन सिंदूर द्वारा अपनी धरती पर हमले के लिए अपने 'राइट टू रिस्पॉन्ड' का इस्तेमाल किया : रक्षा मंत्री

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**





ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों को प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले शिविरों को नष्ट करने के लिए सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ कार्य करके इतिहास रचा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, भारत ने अपनी धरती पर हमले के लिए अपने 'राइट टू रिस्पॉन्ड' का इस्तेमाल किया है। और पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब दिया है ।रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि, योजना के अनुसार, लक्ष्य नष्ट कर दिए गए और किसी भी नागरिक आबादी को नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा की सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। सशस्त्र बलों की सराहना की। उन्होंने कहा पूरी दुनिया ने देखा है कि हमारे सशस्त्र बलों ने क्या किया है। कार्रवाई बहुत सोच-समझकर और नपे-तुले तरीके से की गई। यह केवल आतंकवादियों के मनोबल को तोड़ने के उद्देश्य से प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले शिविरों और अन्य बुनियादी ढांचे तक ही सीमित था। उन्होने कहा मैं पूरे देश की ओर से सशस्त्र बलों को धन्यवाद देता हूं तथा सेनाओं को पूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए बधाई देता हूँ।

# नया ईसीआई नेट नागरिकों के लिए चुनावी सेवाएं सुगम बनाने के साथ चुनाव पदाधारियों को डेटा प्रबंधन आसान करेगा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

एक प्रमुख पहल के तहत, भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचकों और इनके अन्य हितधारकों जैसे चुनाव पदधारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के लिए एक नया उपयोगकर्ता अनुकूल डिजिटल इंटरफ़ेस विकसित कर रहा है। यह नया वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म, ईसीआई- नेट, आयोग के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत करेगा और अनुकूल बनाएगा ईसीआई-नेट में एक सुंदर यूजर इंटरफेस और एक सरलीकृत यूजर एक्सपीरियंस होगा, जो चुनाव- संबंधित सभी गतिविधियों के लिए एक एकल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और नेविगेट करने तथा अलग-अलग लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। इस प्लेटफॉर्म की परिकल्पना भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्तों की उपस्थिति में मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान की थी। ईसीआई-नेट उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्टफ़ोन पर सुसंगत चुनावी डेटा तक पहुँचने में भी सक्षम बनाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डेटा यथासंभव सटीक है, ईसीआई- नेट पर डेटा केवल आयोग के अधिकृत पदधारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। संबंधित पदधारी द्वारा की गई प्रविष्टि से यह सुनिश्चित होगा कि हितधारकों को उपलब्ध कराया गया डेटा यथासंभव सटीक है। हालांकि, किसी भी विवाद के मामले में, सांविधिक फॉर्मों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा ही मान्य होगा। ईसीआई-नेट में वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सी-विजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी ऐप जैसे मौजूदा ऐप शामिल होंगे, जिन्हें कुल मिलाकर 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है ऐप्स की पूरी सूची संलग्न है। ईसीआई-नेट से लगभग 100 करोड़ निर्वाचकों और सम्पूर्ण चुनावी तंत्र को फायदा मिलने की उम्मीद है, जिसमें देश भर के 10.5 लाख से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), लगभग 45 लाख मतदान पदधारी, 15,597 सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी , 4,123 ईआरओ और 767 ज़िला चुनाव अधिकारी शामिल है । ईसीआई-नेट के माध्यम से उपलब्ध कराए गए आंकड़े लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 तथा निर्वाचनों का संचालन नियम,1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों द्वारा स्थापित कानूनी ढांचों के सख्त दायरे के भीतर होंगे तथा इसके अनुरूप होंगे।




# बारिश से पहले भोपाल नगर निगम सीमा में रोपे जायेंगे डेढ़ लाख पौधे हर जोन में पाँच हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

संभागायुक्त संजीव सिंह ने कहा है कि जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बिगड़े बगीचों के सुधार एवं हरित क्षेत्र के विकास का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। इस संबंध में संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। बारिश से दौरान भोपाल में वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा।संभागायुक्त सिंह ने संभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत,वन, नगर निगम, राजधानी परियोजना एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने कहा कि भोपाल नगरीय क्षेत्रों में आने वाले सभी बाग-बगीचों तथा ऐसी शासकीय भूमि जहां वृक्षारोपण किया जाना है, को चिन्हित किया जाकर उनके विकास एवं वृक्षारोपण की विस्तृत कार्य योजना तुरंत तैयार की जाए। वृक्षारोपण के साथ ही उनके रख-रखाव की योजना भी बनाई जाए। वन विभाग के सहयोग से बाग बगीचो की जियो टैगिंग भी कराई जाए। बैठक में बताया गया कि भोपाल नगर में लगभग 200 बाग-बगीचे हैं जिनमें से नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में 163, राजधानी परियोजना के अंतर्गत 24, वन विभाग के अंतर्गत 12 एवं स्मार्ट सिटी के अंतर्गत एक बाग-बगीचे हैं। इसके अलावा प्राइवेट कालोनियों में बड़ी संख्या में बाग-बगीचे हैं, जिनका रख रखाव संबंधित रहवासी समिति करती है। नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि बारिश से पहले भोपाल नगर निगम सीमा में कलियासोत सहित 5 साइट्स पर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा, जिसके अंतर्गत लगभग डेढ़ लाख पौधे लगाए जायेंगे। नगर निगम के हर जोन में 5-5 हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है। भोपाल विकास प्राधिकरण को वृक्षारोपण के लिए चिन्हित भूमि पर भी वृक्षारोपण किए जाने के निर्देश संभागायुक्त द्वारा दिए गए।



# निरीक्षण कर खान प्रबंधक से की चर्चा

**ज्ञान चन्द शर्मा /बालाघाट।** विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे का मंगलवार को मॉडल लिमिटेड की भरवेली खदान मे अल्पकालिक दौरा हुआ इस दौरान मॉडल के नव पदस्थापित खान प्रबंधक विवेक कुमार ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा कंपनी की गतिविधियो और कार्यप्रणाली की विस्तार से जानकारी दी शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक श्रीमती मुंजारे ने भरवेली खदान के संचालन खनन कार्यो की प्रकृति श्रमिको की स्थिति और पर्यावरणीय सरोकारो की जानकारी ली इसके साथ ही उन्होने यह भी अवगत कराया कि क्षेत्रीय जनहित मे मॉडल लिमिटेड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है विशेष रूप से कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के योजना के अंतर्गत विधायक ने चर्चा के दौरान यह सुझाव दिया कि कंपनी को अपनी सीएसआर नीति के तहत बालाघाट विधान सभा क्षेत्र मे शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल सड़क रोजगार एव महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रो मे अधिकाधिक योगदान करना चाहिए इस अवसर पर बालाघाट नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष योगराज उर्फ कारो लिल्हारे आदि उपस्थित थे।

# आदिम जाति कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार में प्रभारी सहायक आयुक्त मूल पद प्राचार्य राकेश गुप्ता को निलंबित करने की मांग कलेक्टर से जन सुनवाई में की




**ग्वालियर।** दलित आदिवासी महापंचायत (दाम) के प्रतिनिधि मंडल ने आज ग्वालियर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान से आदिम जाति कल्याण विभाग जिला ग्वालियर में सहायक आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में जिनका मूल पद प्राचार्य है राकेश शुक्ला को 19 बिंदुओं में भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए ज्ञापन सोपा गया जिस पर कलेक्टर महोदय ने ग्वालियर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ढ्रूस को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं प्रतिनिधि मंडल में शामिल दलित आदिवासी महापंचायत के संस्थापक संरक्षक डॉ जवर सिंह अग्र , प्रांत अध्यक्ष महेश मदुरिया , ग्वालियर चंबल संभाग के प्रभारी दारा सिंह कटारे शामिल थे उक्त नेताओं ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया की राकेश गुप्ता द्वारा विभाग में खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है इनके द्वारा जिला श्योपुर के एकलव्य विद्यालय कराहल में लगभग तीन करोड़ का भ्रष्टाचार किया है जांच में दोषी है लेकिन संभागीय उपायुक्त कार्यालय अनुसूचित जाति जनजाति कार्य विभाग संभाग ग्वालियर द्वारा जांच रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की गई उल्टा उनको बचाया गया है इसी प्रकार राकेश गुप्ता द्वारा अपनी एक रिश्तेदार को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने और व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए जो ग्वालियर से नियमित बीएड कर रही थी कोई गुप्ता उनको अतिथि शिक्षक बनाया गया है और उनको प्रतिमाह 42000 रुपए मानदेय का भुगतान नियमित किया जा रहा था जबकि नियमित बीएड करने वाले किसी भी व्यक्ति को विद्यालय में अतिथि शिक्षक नहीं बनाया जा सकता तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार अधिनियम में मिलने वाली राहत राशि पीड़ितों को नहीं दी गई है 28 फरवरी 2025 तक ग्वालियर जिले में अकेले 1038 प्रकरण लंबित है इस बिंदु पर भी राकेश गुप्ता को निलंबित करने की मांग की गई है इसके अतिरिक्त 17 अन्य बिंदु है जो गंभीर है जनसुनवाई में अधिकारियों ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है ज्ञात रहे की श्री राकेश गुप्ता की मूल पद स्थापना आज भी एकलव्य विद्यालय कराहल जिला श्योपुर में है प्राचार्य के पद पर और वेतन भी कराहल से ही मिल रहा है ग्वालियर का तो अतिरिक्त प्रभार है ज्ञापन में यह भी मांग की गई है की जो ज्ञापन में बिंदु है उनकी निष्पक्ष जांच हेतु पहले राकेश गुप्ता को निलंबित किया जाए यदि निलंबित नहीं किया जा सकता तो इन्हें कार्यालय से हटाकर किसी वरिष्ठ डिप्टी कलेक्टर को विभाग का प्रभार दिया जाए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके

# बाघ द्वारा हमले में एक व्यक्ति की मृत्यु की घटना के बाद कुदवा रेंज से बाघ को किया रेस्क्यू

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश



वन विभाग द्वारा दक्षिण बालाघाट वन मण्डल के अंतर्गत कटंगी के कुदवा रेंज में विगत दिनों बाघ के हमले से दुर्भाग्यवश एक व्यक्ति की मृत्यु हुई थी। इसके बाद वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए पशु चिकित्सकों एवं स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया। बाघ को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' की गाइड-लाइन के अनुरूप जाँच और निगरानी में रखा गया। वन्य-जीव और मानव के बीच बढ़ते संघर्ष हमारे लिये एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। मानव सुरक्षा एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये वन विभाग पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।वन विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को सहायता और मुआवजा राशि दी गयी है। वन विभाग ने इस संवेदनशील दो दिवसीय रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय समुदाय के सहयोग के लिये भी आभार माना है। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाघाट जिले के गोरेघाट वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुड़वा में बाघ के हमले में प्रकाश पाले के निधन पर गहन दुख व्यक्त कर कहा था बाघ के जानलेवा हमले की इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक है तथा पीड़ित परिवार को राज्य शासन की ओर से आठ लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की थी। पीड़ित परिवार को यह सहायता राशि वन विभाग के माध्यम से दी जाएगी।

# समेकित छात्रवृति योजना के तहत अपडेशन कार्य मे लापरवाही करना पडा भारी

## डीईओ ने 255 स्कूलो को जारी किया नोटिस

ज्ञान चन्द शर्मा /युवा प्रदेश बालाघाट समेकित छात्रवृति योजना अंतर्गत छात्रवृति पोर्टल पर अपडेशन के मामले मे जिले के 255 स्कूलो के सकुल प्राचार्य प्रधानपाठक संचालक एवं संस्था प्रमुख को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है यह नोटिस जिला शिक्षा अधिकारी ए के उपाध्याय ने जारी किया है बताया कि समेकित छात्रवृति योजना अतर्गत सत्र 2023द्व24 मे छात्र छात्राओ के खाते संकुल प्राचार्य के माध्यम से दो दिवस मे छात्रवृति पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन अब तक विधालयो को ओर से पोर्टल पर खाते अपडेट करने मे किसी भी प्रकार की कार्रवाई नही करते हुए इस कार्य मे रूची नही ली जा रही है जीनियस किड्स प्ले प्राइमरी स्कूल वारासिवनी ने सात खातो मे से अब भी दो खाते अपडेट किया जाना शेष है सतपुडाचल पब्लिक वेली स्कूल बालाघाट के नौ खातो मे तीन अपडेट किया जाना शेष है जीएमएस शेरबी बालाघाट के तीन खातो मे दो खाते अपडेट किया जाना शेष है स्कूल शासकीय एमएलबी के भी तीन खातो मे से दो के अपडेट किए जाने शेष है होली होम हिंदी विधालय भरवेली सहित अन्य 200 स्कूलो के खातो के अपडेशन अब भी शेष है डीईओ उपाध्याय ने बताया कि इसी तरह की लापरवाही से अध्ययनरत छात्र छात्राओ के लिए शासन दारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजना मे छात्रो की योजना का लाभ नही मिल पा रहा है जान कारी के साथ अपना प्रतिवाद व्यक्तिगत रूप से तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया है।

# 239 करोड़ के बजट में नहीं है पानी टंकी की सफाई का स्थान : शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)

## *जनता पी रही है गंदे टंकियों का पानी, महापौर की प्राथमिकता में नहीं मूलभूत सुविधाएं: चंचलमल जैन*

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम जगदलपुर द्वारा दो वर्ष पूर्व जल टंकियों की नियमित सफाई हेतु निविदा जारी की गई थी, जिसमें साल में दो बार सफाई सुनिश्चित करने का उल्लेख था। परंतु बीते एक वर्ष से अधिक समय से टंकियों की सफाई नहीं की गई है, जिससे नागरिकों को गंदे पानी टंकियों से आ रही पानी का सेवन करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नागरिक एवं शिवसेना (उ.बा.ठा.) के प्रतिनिधि श्री चंचलमल जैन ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि हाल ही में महापौर संजय पांडे द्वारा प्रस्तुत 239 करोड़ रुपये के बजट में टंकी सफाई जैसे महत्वपूर्ण एवं आम जनता के स्वास्थ्य से संबंध रखने वाले विषय को पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया गया है।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जनता के स्वास्थ्य से जुड़े ऐसे आवश्यक कार्यों के लिए बजट में कोई स्थान नहीं दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि नगर निगम की प्राथमिकता केवल दिखावटी विकास तक सीमित है। उन्होंने यह भी बताया कि सफाई एजेंसी ने कार्य तो किया, लेकिन निगम द्वारा भुगतान न किए जाने के कारण आगे की सफाई प्रक्रिया रुकी हुई है। नियमानुसार अब तक चार बार सफाई हो जानी चाहिए थी, किंतु लापरवाही के चलते पिछले एक साल से सफाई नहीं हो सकी। इसका सीधा दुष्प्रभाव आमजनता को झेलना पड़ रहा है। श्री जैन ने मांग की है कि नगर निगम तत्काल इस विषय को संज्ञान में लेकर टंकियों की सफाई सुनिश्चित करे और आवश्यक कार्यों के फंड को न रोके, फंड के अभाव में अधिकारियों पर आवश्यक कार्य को करवाने का अतिरिक्त दबाव होता है। कुर्सी पर बैठे जनता द्वारा चुने गए नेता अगर फंड नहीं जुटाएंगे तो अधिकारी अपनी जिम्मेदारी कैसे पूरी कर पाएंगे।

**जरीकार्ता**
**शिवसेना, जिला बस्तर**

# शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) छत्तीसगढ

## लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रंथालय में चल रही है नोडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा की मनमानी : शिवसेना

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग मुख्यालय स्थित लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रंथालय में अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी और नियमों की अनदेखी पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने गहरी आपत्ति जताई है। इस संबंध में प्रदेश महासचिव श्री चन्द्रमौली मिश्रा द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बस्तर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है। शिवसेना नेता श्री चन्द्रमौली मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रंथालय में वार्षिक सफाई कार्य हेतु जारी निविदा प्रक्रिया में नोडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा और प्रभारी अधिकारी सुरज निर्मलकर द्वारा अपात्र संस्था को लाभ पहुँचाने की मंशा से गंभीर अनियमितताएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि उक्त निविदा प्रक्रिया में कुल 9 निविदाएं खरीदी गईं, जिनमें से 4 नियत तिथि तक जमा की गईं थीं।

निविदा नियम एवं शर्तो के अनुसार श्रम क़ानून का पालन करते हुए उक्त संस्था में दो पालियों में साफ़ सफाई कार्य की जानी साफ़ साफ़ लिखा है। लेकिन नोडल अधिकारी और प्रभारी अधिकारी जिस संस्थान को काम देने का मन पुर्व से ही बना चुके थे निविदा प्रस्तुत करने वाली उस संस्था के पास श्रम कानून का पालन करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज़ का आभाव पाया गया, अधिकारियों द्वारा नियमों की अनदेखी कर अपात्र संस्था को कार्य देने की साजिश की जा रही है। यह भी सामने आया है गई जिस संस्था को काम सौंपने की तैयारी की जा रही है, उनके पास श्रम कानूनों के अतिरिक्त जीएसटी और हाउसकीपिंग कार्य से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति नहीं है। अन्य प्रतिभागियों द्वारा विरोध के बावजूद नोडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा द्वारा पूरी निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने की अनुचित तैयारी की जा रही है, जबकि अन्य योग्य निविदाकार मौजूद हैं। यह किसी सार्वजानिक संस्थान के निविदा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के विरुद्ध है। शिवसेना का आरोप है कि बिना निविदा प्रक्रिया पूरी किए ही अपात्र संस्था को अस्थाई रूप से ग्रंथालय की सफाई व्यवस्था का जिम्मा भी सौंप दिया गया है, और अधिकारियों द्वारा उन्हें आवश्यक दस्तावेज बनवाने में भी मदद दी जा रही है, जिससे घोर पक्षपात और भ्रष्टाचार की बू आती है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) कलेक्टर से मांग करती है कि—

1. नोडल अधिकारी और प्रभारी अधिकारी को तत्काल पद से हटाया जाए।
2. उक्त निविदा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करतें हुए अन्य प्रतिभागियों के साथ प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाई जाए।
3. लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रंथालय में योग्य व जिम्मेदार अधिकारी की नियुक्ति की जाए।

शिवसेना द्वारा यह भी आरोप लगाया गया हैकि जब से उक्त अधिकारी पदस्थ किये गये हैं लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रंथालय के अन्य खर्चों में भी बढ़ोतरी हुई है। बेजबरन इन अधिकारियों द्वारा आवश्यकता ना होने पर भी उपकरणों की मरम्मत के नाम पर और अन्य कार्यों पर खर्चा किया गया है। ग्रंथालय में शिवसेना समर्थक कई युवक हैं जिनके माध्यम से हमें यह जानकारी प्राप्त होती है। शिवसेना चेतावनी देती है कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया, तो संबंधित कार्यालय का घेराव कर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**जारीकर्ता**
**चन्द्रमौली मिश्रा**
**प्रदेश महासचिव**
**शिवसेना ( उद्धव बालासाहेब ठाकरे )**

## बालाघाट मे तीन दशक से नासूर बने नक्सलवाद की अब उखड़ने लगी जडे सीमावर्ती जंगलो मे पुलिस ने बिछाया मौत का जाल

### नक्सलवादियो के लिए अब सुरक्षित नही रहे जिले के जंगल

**ज्ञान चन्द शर्मा /बालाघाट।** जिले मे तीन दशक से नासूर बने नक्सलवाद की जडे अब धीरे धीरे उखड़ने लगी है जंगल मे आऊट सोर्स मे फोर्स बढने के साथ ही नक्सली घिरने लगे है जिस जंगल को छग और महाराष्ट्र के नक्सली अपने लिए सुरक्षित ठिकाना मानकर इसे अपनी शरणस्थली बना बैठे थे अब उन्ही जंगलो मे नक्सली लगातार घिरकर पुलिस की गोलियो का निशाना बन रहे है बालाघाट मे जिस जंगल मे ग्रामीणों मे दहशत फैलाकर नक्सली अपना साम्राज्य स्थापित कर चुके थे अब उसी जंगल मे उनके लिए हर राह पर खतरा बढता जा रहा है बालाघाट के जंगल अब नक्सलियो के लिए सुरक्षित नही रहे है लिहाजा ग्रामीणो मे सुरक्षा के प्रति बढते भरोसे ने जंगलो मे खौफ फैला रहे लाल आतंक को कमजोर किया है जबकि लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रो मे पुलिस की जंगलो मे पकड मजबूत हो रही है लगातार मारे जा रहे नक्सलियो पर पुलिस की गिरफ्त भी बढती जा रही है सितंबर 2023 मे चिचरंगपुर मे एक बडी सफलता हाथ लगने के बाद गिरफ्तार हुए नक्सलियो की संख्या28 पर पहुंच गई है जबकि 19 फरवरी 2025 को हुए एनकाउंटर के बाद अब तक करीब 37 नक्सली मारे जा चुके है ताकत बढाने विस्तार दलम का किया गठन साल 2016 मे नक्सलियो ने कवर्धा के कबीरधाम से विस्तार दलम का गठन कर अपनी ताकत बढाई थी बालाघाट मे फोर्स बढने के साथ नक्सलियो ने अपना रास्ताबदला और कान्हा के घने जंगलो को अपने लिए सुरक्षित ठिकाना बनाया यहा उनकी बढती मौजूदगी के बीच मंडला से डिंडौरी तक नया कॉरीडोर भी तैयार हो गया कम फोर्स का फायदा उठाकर नक्सलियो ने अपना सिर उठाना शुरु किया।

## सोशल वर्कर के साथ लूट की वारदात, पुलिस ने की जांच शुरू; मोबाइल फोन एवं बैग लेकर भागे




**संभागीय संवाददाता - राजू राय**

बदमाशसिंहपुर थाना प्रभारी एम.एल. रंगडाले ने कहा, पीड़ित की शिकायत पर हमने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्हें चोट आई है और हम आरोपियों की तलाश में जुटे हुए हैं। शहडोल जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में एक स्थानीय सोशल वर्कर प्रकाश राव के साथ अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। घटना बीती रात लगभग 11 बजे फतेहपुर गांव के समीप घटी, जब प्रकाश राव मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बदमाशों ने उनकी बाइक को रुकवाकर उन्हें कार में बैठकर मारपीट की और उनके पास मौजूद मोबाइल फोन तथा बैग लूट लिए।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, अज्ञात हाईवा ने बाइक सवार दोनों को कुचला; परिजन बेसुध




**संभागीय संवाददाता - राजू राय**

पुलिस ने बताया कि मृतक पिता-पुत्र दोनों बरौधा के वार्ड नंबर 9 के निवासी थे। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि अज्ञात हाइवा वाहन ने बाइक सवार दोनों को कुचला और वहां से फरार हो गया। पुलिस अब हाइवा वाहन की तलाश कर रही है। शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र में जगमल गांव के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक पिता और पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने न केवल मृतक के परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक भगवान दिन दुबे (60) और उनके पुत्र लकी दुबे (32) मोटरसाइकिल पर सवार होकर रीवा में रिश्तेदारी के लिए जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा वाहन ने उन्हें कुचल दिया।

# जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर जिला कलेक्टर ने किया शुभारंभ 12 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**



अनूपपुर। रक्तदान से जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त मिलने से उसे नया जीवन मिलता है। इसलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, जिससे जरूरतमंद को समय पर आवश्यकता पड़ने पर रक्त की पूर्ति में मदद मिलेगी। उक्ताशय के विचार कलेक्टर हर्षल पंचोली ने भारतीय रेडक्रास दिवस 8 मई के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा, सिविल सर्जन डॉ. एस.बी. अवधिया, रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ. जनक सारीवान, डॉ. एस.सी. राय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, पत्रकार तथा नागरिक उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी को सशक्त करने के लिए जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संगठन, औद्योगिक तथा शासकीय विभागों का सहयोग प्राप्त कर गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी से रेडक्रास सोसायटी में आर्थिक सहयोग की भी अपील की। जिससे जरूरतमंदों को आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने नागरिकों से रक्तदान कर रक्त संग्रहण को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया। रेडक्रास सोसायटी दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 12 लोगों ने रक्तदान किया।



तूने लगाई चिंगारी, अब आग हम भड़काएंगे,
इन शोलों पर तेरे दरिंदे जल जाएंगे।
जब जब करेगा पड़ोसी तू ओछी हरकत,
तुझे हम औकात तेरी दिखाएंगे।

तूने की निर्दोषों की हत्या,
बहनों का पोछा सिंदूर।
अब सिंदूर की क्या कीमत होती है,
ये तुझे हम बताएंगे।

हम अन्याय के खिलाफ अब हथियार उठाएंगे,
अपराध के खिलाफ लड़ते जाएंगे।
हम न्याय की लड़ाई लड़ेंगे,
और अपराधियों को सजा दिलाएंगे।

**दीप्ति बाजपेई जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़**



कोर्ट सख्त • 'संदिग्ध निष्ठा' के नाम पर बर्खास्त पंजाब के जज बहाल

**'उपेक्षित' समुदाय वाला जज बना तो ऊंचे समुदाय से बर्दाश्त नहीं हुआः सुप्रीम कोर्ट**

पवन कुमार | नई दिल्ली

न्यायपालिका में जजों से जातीय पक्षपात के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने पंजाब के एडिशनल सेशन जज (प्रेम कुमार) की बर्खास्तगी के मामले में याचिका पर सुनवाई के दौरान ऐसी टिप्पणी की है। जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को ओपन कोर्ट में कहा, 'यह जज परिस्थितियों और जातिगत पक्षपात का शिकार हुआ। सब पहले से फिक्स था। ऊंचे समुदाय के लोग बर्दाश्त ही नहीं कर पा रहे थे कि उपेक्षित समुदाय के व्यक्ति का लड़का (मोची) कम उम्र में जज बन गया और उनके बीच आ गया।' जज प्रेम कुमार को दुष्कर्म के मामले में आरोपी की शिकायत पर

**अपराधी की शिकायत पर जज को संदिग्ध बता दिया, मुंह मत खुलवाइएः जस्टिस**

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होने पर हाई कोर्ट की ओर से पेश वकील पटवालिया ने दलील देनी शुरू की। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने उन्हें टोकते हुए कहा, 'अगर आप चाहते हैं कि मैं यह ओपन कोर्ट में बोलूं तो मुझे यह कहने में गुरेज नहीं कि प्रेम कुमार परिस्थितियों और जातिगत पक्षपात का शिकार हुए। एक जज जिसका आचरण लगातार अच्छा था, उसे एक अपराधी की शिकायत पर 'संदिग्ध निष्ठा' वाला बता दिया गया।' पटवालिया ने फिर कुछ बोलना चाहा तो जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'आप वहां नहीं थे, मैं था। मैंने देखा है। मैं बहुत कुछ जानता हूं। हाई कोर्ट में कैसी बातें हुई थीं, मुझे पता है।'


'संदिग्ध निष्ठा' का दोषी मानते हुए बर्खास्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जज की बर्खास्तगी गलत थी, उनको बहाल किया जाए। साथ ही उनकी सेवा के पदोन्नति व अन्य सभी लाभ दिए जाएं।

सूद्र भाई हा जज बन गे तब,
ऊंच जात के पेट पिरागे।
मनु विधान हा उल्टा परगे,
ऐखरे सेती मति छरियागे।।
देस मा अमरित काल चलत हे,
तब ले बिखहा नांग डसत हे।
मूलनिवासी सम्हल जाओ अब,
दुसमन हा फेर फांदा कसत हे।।

**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ0ग0)**

# अहिरवार समाज संघ म.प्र. शहडोल संभाग युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार की अध्यक्षता मे संपन हुई वर्चुअल ऑनलाइन बैठक

**राजू राय - संभागीय संवादाता**




शहडोल - अहिरवार समाज संघ के द्वारा शहडोल संभाग में स्थाई वर्चुअल ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया था। वर्चुअल ऑनलाइन बैठक का संचालन श्री नागेश सिंह नरवरिया ने किया। जिन्होंने अहिरवार समाज संघ की विचारधारा सभी मीटिंग में उपस्थित सदस्यों के साथ साझा की, साथ ही नागेश नरवरिया जी ने समझाया कि अहिरवार समाज संघ में जुड़ना क्यों आवश्यक है। उन्होंने बताते हुए कहा की अहिरवार समाज संघ का उद्देश, 1 सामाजिक ,2 राजनीतिक ,3 आर्थिक ,4 न्याय ,5 समाज संघ का विस्तार 6, समाज मे फैली कुरीति का अंत जैसे मुद्दे रहे।

साथ ही उन्होंने संघ को मजबूत करने पर जोर दिया बैठक में विशेष अतिथि श्री राजेश अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ ने शुभकामनाएं देते हुए कहा की युवाओं की भागेदरी संघ मे महत्वपूर्ण है। आज का युवा देश का ही नहीं किसी भी समाज की मुख्य धार है, अगर वह बहक गया तो सब कुछ बह जाएगा अगर वो संभाल गया तो सब कुछ संभाल लेगा चाहे देश हो या समाज हो। भोपाल के मीडिया एंकर, लेखक,समाजसेवी मनीष अहिरवार ने कहा की समाज के युवाओ का पत्रिकारिता मे वह सहयोग करेंगे , जो भी सम्बन्धित खबरें है उनका मीडिया, प्रिंट मीडिया के मध्य से प्रचार प्रसार करने मे संघ का सहयोग करेंगे। CRPF विभाग के अर्जुन जी ने कहा की हम सभी लोगों को एक जुट होना पड़ेगा और एक मुख्य राजनीतिक पार्टी का समर्थन करना चाहिए जिस पर सुभाष ओगरे ने कहा की पहले हम लोगों को एक जुट होना ज्यादा जरूरी है, जिस पर फिर अर्जुन जी ने भी अपनी सहमति हाँ मे दी। श्री गणेश कुमार रैदास ने कहा की अहिरवार समाज संघ को ग्राम से लेकर शहर तक प्रचार प्रसार के मध्य से समाज के लोगों को संघ से अधिक से अधिक जोड़ना महत्वपूर्ण है। सुभाष ओगरे,के द्वारा सुझाओ दिया गया की वर्चुअल मीटिंग हर सप्ताह रखना चाहिए जिस पर सभी सदस्यों की सहमति दी गई। शहडोल संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कैलाश कुमार अहिरवार जी और उनके साथी अनूपपुर जिले से मंजीत भारती जी, सुभाष ओगरे जी, शहडोल जिले से राजू राय,राजकुमार अहिरवार, मदन चौधरी,आवेंद्र अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

# शासकीय हाई स्कूल खटपुरा कक्षा 10वी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र - छात्राएं


पूनम - 63.8%


अनुज - 58.2%


ममता - 63.6%


सुनीता - 72.4%


रोहित - 60%



सुमायला - 66.8%


बिंदिया-49%


रेवाराम - 52%


मुस्कान - 67.2%


दीपक - 54.8%


मेघा - 72.6%


सूफियान- 61.4%

**हर्ष - 71%**

**विशाल - 47%**

**फरहान - 43.4%**

# महिलाओं के यौन शोषण से संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण से संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन–शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में आज दिनांक 8.05.2025 को महिला सेल के द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन शोषण से संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया ।इस व्याख्यान में महिलाएं कार्यस्थल पर किस प्रकार से अपने को सुरक्षित रख सकती हैं एवं कानून के अंतर्गत उनके संरक्षण हेतु कौन–कौन से प्रावधान किए गए हैं इस पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक गण तथा अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए तथा विद्यार्थियों ने कानून के बारे में जानकारी प्राप्त की।








# सूदखोरी के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही, 3.18 लाख नगद के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर /कोतमा। जिले के कोतमा क्षेत्र में काफी दिनो से सूदखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिस में अधिक ब्याज दरो पर जरूरत मंदो को ब्याज में पैसा देकर उनका शोषण किया जा रहा था, उक्त शिकायतों के प्राप्त होने पर पुलिस टीम गठित कर सूदखोरो के संभावित स्थानो पर पुलिस के व्दारा दबिश दी गई, जिसमें फरियादी बृजलाल केवट पिता फत्तेलाल केवट उम्र 53 वर्ष निवासी गोविन्दा कालोनी आमाडाड़ कोतमा की रिपोर्ट पर अनावेदक मोहम्मद मुस्तान के विरूद्ध इस आशय् की शिकायत प्राप्त हुई कि 50 हजार रूपये की उधारी देने पर 20 प्रतिशत मासिक ब्याज की दर पर पैसा उधार दिया गया था, समय पर ब्याज की राशि समय पर न दे पाने के कारण मोह. मुस्ताक के व्दारा घर पर आकर मारपीट ,जान से मारने की धमकी आये दिन देता था, पीड़ित अलावा अन्य लोगो के भी पासबुक ,आधार कार्ड ,वेतन स्लीप मुस्ताक ने अपने पास रखा है शिकायत कर्ता की रिपोर्ट पर से अप.क्र. 182/25 धारा 318(4),308(5) बी.एन.एस.एवं 3,4 म.प्र. ऋणियो का संरक्षण अधि0 कायम कर मौके से पुलिस टीम के व्दारा आरोपी के घर ग्राम लहसुई गांव में दबिश की कार्यवाही की गई तो आरोपी मोहम्मद मुस्तान खान पिता इकबाल अहमद के घर कब्जे से आवेदक सहित 9 बैंक पासबुक ,19 हस्ताक्षर युक्त चेक, 2 बिना हस्ताक्षर युक्त चेक बुक, मृत्यु प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड ,कोल माईन्स कर्मचारी की वेतन स्लीप साथ ही 3,18,940 रूपये नगद जप्त किया जाकर आरोपी मोहम्मद मुस्तान खान पिता इकबाल अहमद उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम लहसुई गांव कोतमा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।





# श्री श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी मंदिर को विस्थापन करने एवं वार्ड 12को विस्थापन करने के लिए 2 दिन की बैठक

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर।**

अनूपपुर /रामनगर । हसदेव क्षेत्र अंतर्गत राजनगर खुली खदान परियोजना द्वारा माइंस का संचालन किया जा रहा है माइंस का विस्तार करने के लिए उनके पास पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण एवं माइंस बंद होने की स्थिति में कालरी प्रबंधन द्वारा श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय बैठक ली गई एवं दूसरी बैठक जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों के साथ में हुई सर्वप्रथम उप क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ-साथ माइंस मैनेजर सर्व विभाग की टीम एवं जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के बीच चर्चा के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि अब हमारे पास माइंस का विस्तार करने के लिए माइंस को सुचारू रूप से चलने के लिए हमारे पास पर्याप्त जगह नहीं है जिससे हमारा माइंस बंद होने के कगार पर है उन्होंने कहा हमारी लास्ट ब्लास्टिंग मंदिर से 175 मीटर की दूरी पर है एवं बसाहट क्षेत्र से 100 मीटर की दूरी पर हमारी माइंस चल रही है हम माइंस को ज्यादा से ज्यादा डेढ़ या दो महीने तक ही चला पाएंगे डीजीएमएस से परमिशन लिए थे की मंदिर से 175 मीटर की दूरी पर माइंस चला सकते हैं कंट्रोल ब्लास्टिंग करके 100 मीटर की दूरी पर माइंस चला सकते हैं उन्होंने कहा माइंस को चलाने के लिए मंदिर को शिफ्ट करना पड़ेगा उन्होंने कहा हम मंदिर के लिए एन एच 43 के किनारे न्यू डोला हनुमान मंदिर के पास वार्ड नंबर 1 में जहां पर पूर्व में माइनस चल चुकी हुई है एवं जमीन समतलीकरण करके वहां पर मंदिर बनवा सकते हैं मंदिर हटेगी तभी हम आप लोगों को मुआवजा दे पाएंगे एवं चर्चाएं चलती रही दूसरे दिन ग्रामवासी नगर परिषद डोला पार्षद गण अध्यक्ष पति नागरिक बंधु एवं पूर्व जिला अध्यक्ष आधा राम वैश्य प्रेमचंद यादव राकेश पांडे गणमान्य नागरिक आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।





# सिविल डिफेंस मॉकड्रिल कर बताया गया विषमपरिस्थिति में लोग कैसे रहें सुरक्षित

## जबलपुर में समदड़िया माल सहित गोहलपुर गारमेंट क्लस्टर, गोरखपुर थाना और सिहोरा में इसी तरह की मॉकड्रिल की गई।

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ**

जबलपुर। शहर के बीचोंबीच स्थित समदड़िया माल में शाम करीब चार बजे एक के बाद एक दो बम गिरे। बम के धमाकों से माल की ऊपरी मंजिल पर आग लग गई। माल के प्रथम तल पर स्मोक बम भी आग गिरा और चारों तरफ धुआं ही धुआं हो गया। माल में चीख-पुकार के साथ भगदड़ मच गई। मॉल में हमले की खबर मिलते ही सायरन बज उठे।

एक-एक कर पुलिस, एंबुलेंस, नगर निगम के फायर फाइटर के वाहन सायरन बजाते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। एनडीआरएफ की टीम भी आ गई।मॉल में फंसे लोगों को जमीन पर लेटने की सलाह देते हुए उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू हो कर दिया। चारों तरफ बारूद का धुआं फैलने से लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही थी






लिहाजा लोगों को मास्क दिए गए और कपड़े से मुंह ढंकने की सलाह दी गई। नगर निगम के फायर फाइटर वाटर वाउचर से पानी की बौछारें कर आग बुझाने में जुटे रहे। जबकि पुलिस और होमगार्ड के जवान सहित अन्य रेस्क्यू दल अन्य कर्मचारी माल में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में जुट गए। आम नागरिकों ने भी मदद के लिए हाथ बढ़ाए और घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। पुलिस की एक टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी के लिए सुरक्षा चक्र बनाना शुरू कर दिया है तत्काल पुलिस ने प्लास्टिक की रिबन से क्षेत्र को कवर कर दिया है। पहलगांव में आतंकी हमले के बाद भारत-पाक के बीच बने तनाव के हालात पर देश में सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही नागरिकों की सुरक्षा को भी परखा जा रहा था। सिविल डिफेंस माक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमलों और आतंकी गतिविधियों जैसे आपातकालीन हालात में देश की प्रतिक्रिया प्रणाली को परखना है। पहलगाम हमले के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया है। इस अभ्यास में सभी स्तरों पर नागरिकों की भागीदारी से सामूहिक जागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को जबलपुर में समड़िया माल सहित गोहलपुर गारमेंट क्लस्टर, गोरखपुर थाना और सिहोरा में इसी तरह की मॉकड्रिल की गई।

# अमलाई पुलिस द्वारा हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**





**अनूपपुर /अमलाई।** थाना अमलाई क्षेत्र में घटित महिला की संदिग्ध मृत्यु के प्रकरण में अमलाई पुलिस ने जांच व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिनांक 25.12.2024 को थाना अमलाई में एक महिला की संदिग्ध मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी । मृतिका का नाम कमला बाई पति राम सहाय अगरिया, उम्र 42 वर्ष, निवासी नीचे दफाई, अमराडंडी, वार्ड क्रमांक 11, थाना अमलाई, जिला शहडोल (म.प्र.) था। मर्ग जांच के दौरान सूचनाकर्ता राम सहाय अगरिया के कथनों, घटना स्थल का निरीक्षण, शव पंचनामा, तथा डॉक्टरों की पी.एम. रिपोर्ट से यह तथ्य सामने आया कि मृतिका की मृत्यु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुंह और नाक दबाकर दम घोंटने से हुई है, जो स्पष्ट रूप से हत्या का मामला पाया गया। डॉक्टर टीम की रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण यही स्पष्ट किया गया। इस आधार पर थाना अमलाई में बी. एन. एस. के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही राहुल कुमार शर्मा पिता रविन्द्र कुमार शर्मा, उम्र 33 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 02, कॉलेज कॉलोनी, थाना बुढ़ार को चिन्हित किया गया। संदेही आरोपी से पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी राहुल कुमार शर्मा द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। आरोपी राहुल कुमार शर्मा को दिनांक 07.05.2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई निरी. जयप्रकाश नारायण शर्मा के नेतृत्व में उ.नि. एम. के. शुक्ला,सउनि. करतार सिंह, अमृतलाल परस्ते, अजमेर सिंह, प्र. आर. गणेश पाण्डेय, जीवनलाल, प्र. आर. शिवनंदन एवं प्र.आर. दशरथ प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 350 जोड़ो ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी के बंधन में बंधे

- **अतिथियों ने वर वधु पर फूलों की बौछारकर सामूहिक रूप से आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं**
- **वैदिक रीति-रिवाज एवं ढोल ढमाको के बीच ब्यौहारी के ग्राम रसपुर में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह**
- **जिला प्रशासन बना मेजबान और जन प्रतिनिधि बने बराती**

अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ

शहडोल /ब्यौहारी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत जिले के ब्यौहारी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रसपुर में सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 349 जोडों की शादी हिन्दू एवं 1 जोड़े का निकाय मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेवारी जिला प्रशासन सम्हाल रहा था। वहीं जनप्रतिनिधि एवं आम जन बाराती थे। ब्यौहारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत रसपुर के उक्सा बगीचा में रंग विरंग परिधानों में वर एवं वधू एवं परिजन, रिश्तेदार उत्साह के साथ सुबह से ही विवाह स्थल में पहुंच रहे थे। खुशनुमा माहौल था। ग्रामीण जन अतिथियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था में जुड़े हुए थें। घराती एवं बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। ढोल ढमाके, बाजे,गाजे के साथ बारात निकली, जिसकी अगुआई जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सौम्या आनंद, तहसीलदार श्री दीपेन्द्र पाडेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री विजय सिंह उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री प्रज्ञा मरावी व अन्य अधिकारियों के द्वारा की गई। अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए। जो नव दम्पत्ति को गृहस्थी के सामान एवं अन्य कार्यों के लिए व्यय किए जा सकेगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अब बेटियां अपने ससुराल खाली हाथ नहीं जाएंगी। प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। कन्याओं का विवाह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को अपनी जमीन या जायजाद गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कन्या पक्ष वर तलाश कर ऑनलाइन आवेदन करें। विवाह की सम्पूर्ण जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ब्यौहारी श्री शरद जुगलाल कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह










धूम-धाम से सम्पन्न होने पर गर्व महसूस होता है। प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से अब बेटियां बोझ नहीं वरदान बन गई हैं। अब बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रही हैं। चाहे डॉक्टर हो, इंन्जीनियर हो, वैज्ञानिक हो या शिक्षा, आंतरिक्ष अथवा खेल कूद का क्षेत्र हो। शासन की इस योजना से गरीब परिवारों के अभिभावकों की चिंता की लकीरें मिट गई हैं। अब सरकार आगे आकर इन कन्याओं का विवाह सम्पन्न करा रही है। आपने नव वर वधुओं के सफल विवाह की शुभकामनाएं दी। सामूहिक विवाह को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विवाह सूत्र में बंधने वाले नव दम्पत्तियों के सफल जीवन की शुभकामनाएं दी।

# प्रियांशी वामने ने कक्षा 10वीं में 92.6% अंक लाकर किया उदयपुरा क्षेत्र का नाम रोशन।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**


result.mponline.gov.in/Result/Result?rspbmhsh=MgfgfJHGFFtytytykoReiLmezA1kUfdsfdsfsdai4eyrZZGnPzi9K1pc7sKl0vs==

| | |
|---|---|
| STUDENT'S NAME: | PRIYANSHI BAMNE |
| FATHER'S NAME: | RAMAN BAMNE |
| MOTHER'S NAME: | MAMTA BAMNE |
| DATE OF BIRTH: DD/MM/YYYY | 24/06/2008 |

| Subject Code | Subject Name | Theory Marks | Practical/Internal Marks | Total | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 411 | ENGLISH | 064 | 025 | 089 | DISTN |
| 401 | HINDI | 069 | 025 | 094 | DISTN |
| 512 | SANSKRIT | 072 | 025 | 097 | DISTN |
| 100 | MATHEMATICS | 072 | 024 | 096 | DISTN |
| 200 | SCIENCE | 062 | 025 | 087 | DISTN |
| 300 | SOCIAL SCIENCE | 056 | 024 | 080 | # DISTN |
| | Grand Total (Theory + Practical/Internal) | | | 463 / 500 | |

RESULT : PASS IN FIRST DIVISION

Participated in NCC 'A' Certificate Course and obtained Grade : XX



उदयपुरा, 9 मई 2025 — क्षेत्र की उभरती प्रतिभा प्रियांशी वामने ने कक्षा 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) में 92.6% अंक प्राप्त कर उदयपुरा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। प्रियांशी, सामाजिक कार्यकर्ता रमन वामने की ज्येष्ठ पुत्री हैं। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। प्रियांशी ने रोहित विद्यालय, नूर नगर से अध्ययन किया है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, माता-पिता और सामाजिकजनों ने उन्हें ढेरों बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दीं। इस सफलता से न केवल उनके माता-पिता बल्कि समस्त उदयपुरा विकासखंड का नाम भी रोशन हुआ है। विद्यालय स्टाफ और क्षेत्रवासियों ने प्रियांशी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके आत्मविश्वास, मेहनत और लगन की प्रशंसा की है। सामाजिक कार्यकर्ता रमन वामने ने बेटी की इस उपलब्धि को समर्पण और नियमितता का परिणाम बताया। यह सफलता न केवल प्रियांशी के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा है कि लगन और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर: भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादी ठिकानों पर की सटीक कार्रवाई।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

नई दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों ने आज तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकवादी ढाँचों पर सटीक हमला किया। इन ठिकानों से भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कुल नौ (9) स्थानों को निशाना बनाया गया है। इस कार्रवाई को संयमित, मापित और गैर-उत्तेजक तरीके से अंजाम दिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि इस ऑपरेशन में किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्य चयन और कार्यप्रणाली में अत्यधिक संयम का परिचय दिया है। यह ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के जवाब में किया गया है, जिसमें 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारत सरकार ने इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने का संकल्प लिया था, और यह कार्रवाई उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। रक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विस्तृत जानकारी एक प्रेस ब्रीफिंग में आज दिन में दी जाएगी।




# मध्यप्रदेश में 'AI भारत @MP कार्यशाला का शुभारंभ

**भोपाल।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष आयोजनों की श्रृंखला में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से भारत MP – कार्यशाला- नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार प्रातः कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में किया गया। कार्यशाला में केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभिन्न विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में AI अनुप्रयोगों पर आधारित एक्सपीरियंस जोन भी स्थापित किया गया। प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है जहां AI पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। राज्य ने AIतकनीक का उपयोग प्रशासन में करना प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि आईटी और रिन्युएबल एनर्जी सबसे अधिक गति से बढ़ने वाले सेक्टर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहाँ संपदा 2.0 पोर्टल से घर बैठे ही ई-रजिस्ट्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला राज्य के AI आधारित आगामी कार्य योजनाओं के लिये भविष्य के लिय महत्वपूर्ण कड़ी है। एमपीएसईडीसी के प्रबंध निदेशक श्री आशीष वशिष्ठ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

# रियल हीरोज ऑफ इंडिया ग्रुप बरेली रायसेन के साथ सेवानिवृत्त फौजी तुलाराम अहिरवार के सम्मान में निकली भव्य शोभायात्रा।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**








उदयपुरा — देश सेवा में 17 वर्षों तक भारतीय थल सेना में गौरवपूर्ण योगदान देने वाले फौजी तुलाराम अहिरवार के सेवानिवृत्त होने पर आज एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन उनके सम्मान में किया गया, जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया। शाम 4 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर, उदयपुरा से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा सिलवानी रोड से होते हुए उनके पैतृक ग्राम उर्दमऊ तक पहुंची। इस दौरान डीजे की गूंज, बैंड-बाजों की धुन और देशभक्ति गीतों के साथ माहौल देशप्रेम से सराबोर हो उठा। शोभायात्रा में क्षेत्र के समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

**कार्यक्रम में सामाजिक समर्पण की झलक:** इस आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी धर्मेंद्र राजपूत, सुरेंद्र राजपूत और अन्य समर्पित साथियों ने निःस्वार्थ भाव से निभाई। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए कई दिन पूर्व से तैयारियां आरंभ कर दी थीं।

**सम्मान का प्रतीक, प्रेरणा का स्त्रोत:** यह शोभायात्रा ना केवल सेवानिवृत्त सैनिक तुलाराम अहिरवार को सम्मानित करने का एक प्रयास था, बल्कि युवाओं के लिए यह देशभक्ति और सेवा भावना की एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई। देशसेवा से लौटे एक सैनिक का ऐसा भव्य स्वागत पहले कभी नहीं देखा गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई और लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए जयघोष किया — भारत माता की जय, जय हिंद, और वीर जवान अमर रहें के नारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा।

**फौजी तुलाराम का भावुक स्वागत:** उर्दमऊ पहुंचने पर गांववासियों ने तुलाराम अहिरवार का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। महिलाओं ने आरती उतारी और बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान तुलाराम अहिरवार भावुक होते हुए बोले, मैंने देश की सेवा की है, लेकिन आज जो सम्मान और स्नेह आप सबने दिया है, वह मेरे लिए अमूल्य है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)